दिनांक 20.09.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

''स्वच्छता ही सेवा अभियान''

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री के0एल0 चौहान ने पिछले 48 घण्टो से नगर निगम क्षेत्र में रुक–रुककर हो रही बारिश को देखते हुए सभी जोन के आयुक्त, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी, स्वच्छता निरीक्षकों, को सक्त निर्देश दिये है कि क्षेत्र के निचली बस्तियों में पानी का जमाव न हो इस पर सतत् निगरानी रखकर तथा साफ–सफाई व्यवस्था के साथ–साथ सडको पर बिजली, जल व्यवस्था, हेण्ड ट्राली, वाहन, जहॉ जिन सड़को पर पानी का जमाव हो गया हो वहॉ पानी निकासी की व्यवस्था करें, साथ ही अपने संसाधनों का समुचित उपयोग करते हुए पुरी व्यवस्था पर सतत् निगरानी रखें ताकि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की संभावना न हों। जहॉ पर आवश्यकतानुसार संसाधनों को बढ़ाने की आवश्यकता हो वहॉ पर आवश्यक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये तथा की गई कार्यवाही से लगातार मुझे अवगत कराते रहे।

आयुक्त के0एल0 चौहान ने खासकर निगम क्षेत्र के सघन घनी तथा सकरी बस्तियों में जहॉ तेज वर्षा के कारण वर्षा जनित पानी के निकासी हेतु जगह कम रहती है तथा नालियों के माध्यम से ही पानी बस्तियों के बाहर जा पाता है, इस स्थिति में नालियां थोड़ा भी जाम हो जाने पर नालियों से गंदा पानी सड़क एवं बस्तियों में फैल जाती है जिससे मच्छर पनपने एवं मौसमी बिमारियों का हो जाने का खतरा बढ़ जाता है ऐसी जगहों को प्राथमिकता के आधार पर सफाई अमला लगाकर विशेष सफाई अभियान करें। जिससे मौसमी बिमारियों पर रोक लगाई जा सके।

नगर निगम आयुक्त के0एल0 चौहान के निर्देशानुसार जोन आयुक्तों एवं प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी, सभी जोन के स्वच्छता निरीक्षकों के द्वारा अपने–अपने कार्य स्थल क्षेत्र पर अपने सफाई अमला एवं संसाधनों के साथ ऐसे चिन्हित बस्तियां जहॉ वर्षा के कारण पानी का जमाव एवं नालियों से कचरा बहकर चला आता है ऐसे स्थानों पर विशेष अभियान रात्रि में चलाते रहे तथा सफाई व्यवस्था पर निरंतर निगरानी रखे रहें। निगम के कर्मचारी तेज बारिश में रेनकोट पहनकर रात्रि में अपने दायित्वों का निर्वहन करते रहें, तथा सफाई व्यवस्था बनाये रखें। इस दौरान अधिकारियों द्वारा सड़क में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था बनी रहे तथा बिजली बाधा न हो इस पर भी आयुक्त के निर्देशानुसार व्यवस्था बनाये रखें, साथ ही पीने के पानी का हेण्डपम्प संधारण, सड़क पर जमे पानी की निकासी, करने हेतु अपने संसाधनों एवं कर्मचारी अमलों के साथ रात्रि में जुटे रहें। गोल मार्केट, गुरुनानक मार्केट, आकाश गंगा मार्केट, नेहरु नगर मार्केट, नाली की सफाई, सहित अन्य स्थलों पर रात में सफाई व्यवस्था की गई। स्वास्थ्य अधिकारी श्री साहू अपने स्वच्छता निरीक्षकों एवं सुपरवाईजरों के साथ लगातार क्षेत्र में चल रहे

सफाई व्यवस्था का सतत् निगरानी रखें रहें तथा किये गये कार्य की जानकारी निगम आयुक्त श्री चौहान को लगातार मोबाईल के माध्यम से सूचना देते रहें, एवं आवश्यक दिशा निर्देश प्राप्त करते रहें।

(सुभाष सिंह ठाकुर)
जनसम्पर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम भिलाई